# कार्यपत्र-1

**1. सही उत्तर पर ठीक (✓) का चिह्न लगाइए।**

(क) भाषा का स्थायी रूप कौन-सा है? (ii) लिखित ✓

(ख) मुख से निकलने वाली ध्वनियों को लिखने के संकेत चिह्न क्या कहलाते हैं? (iv) लिपि ✓

(ग) हमारे देश की कितनी भाषाओं को संविधान में मान्यता प्राप्त हुई है? (ii) 22 ✓

(घ) व्याकरण के कितने भाग हैं? (ii) तीन ✓

(ङ) किस भाषा की लिपि देवनागरी नहीं है? (i) पंजाबी ✓

**2. नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।**

(क) भाषा वह साधन है, जिसके द्वारा मनुष्य अपने विचारों को दूसरों तक पहुँचाता है तथा दूसरों के विचारों को ग्रहण करता है।

(ख) भाषा के दो रूप हैं– मौखिक और लिखित।

मौखिक भाषा– भाषा के जिस रूप को मुख से बोला जाता है और कानों से सुना जाता है, वह मौखिक भाषा कहलाती है। मौखिक भाषा हमारे बोलने तथा सुनने का माध्यम है। यह भाषा का प्राचीनतम रूप है।

लिखित भाषा– अपनी बात लिखकर समझाना और पढ़कर दूसरे के भावों को समझना लिखित भाषा कहलाती है। यह भाषा का स्थायी रूप है।

(ग) मौखिक भाषा बोलने और सुनने का माध्यम है। यह भाषा का अस्थायी रूप है। लिखित भाषा में मन के भावों या विचारों को लिखकर रख सकते हैं। यह भाषा का स्थायी रूप है।

(घ) व्याकरण भाषा के नियमों की जानकारी देता है। इसका ज्ञान आवश्यक है क्योंकि यह हमें भाषा को शुद्ध बोलना, लिखना एवं पढ़ना सिखाता है।

(ङ) भाषा को लिखित रूप देने के लिए निश्चित किए गए चिह्नों को लिपि कहते हैं। भाषा की दो लिपियाँ हैं– देवनागरी और गुरुमुखी।

**3. उचित शब्द द्वारा रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए।**

(क) बोलना और सुनना भाषा का **मौखिक** रूप कहलाता है। (मौखिक/लिखित)

(ख) पढ़ना और लिखना भाषा का **लिखित** रूप कहलाता है। (लिखित/मौखिक)

(ग) इशारे से कोई चीज़ माँगना **सांकेतिक** भाषा है। (लिखित/सांकेतिक)

(घ) **14 सितंबर** हिंदी दिवस के रूप में मनाया जाता है। (14 सितंबर/5 अगस्त)

(ङ) हमारी राजभाषा **हिंदी** है। (हिंदी / अंग्रेज़ी)

**4. दिए गए राज्यों की भाषाओं के नाम लिखिए।**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) | महाराष्ट्र | मराठी | (ख) | पश्चिम बंगाल | बांग्ला |
| (ग) | असम | असमिया | (घ) | तमिलनाडु | तमिल |
| (ङ) | केरल | मलयालम | (च) | गुजरात | गुजराती |
| (छ) | मणिपुर | मणिपुरी | (ज) | कश्मीर | कश्मीरी |
| (झ) | कर्नाटक | कन्नड | (ञ) | आंध्र प्रदेश | तेलुगु |